बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

खाद्य भवन, द्वितीय तल, दरोगा राय पथ, आर ब्लॉक, रोड नं0-2, पटना-800001

BUIDCO Building Better Tomorrow

कार्यालय आदेश

संख्या -BUIDCO/वि0-266/2016-.....52......, दिनांक 14-2-19

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा नमामि गंगे परियोजना एवं अमृत परियोजना के अन्तर्गत बुडको द्वारा कार्यान्वित परियोजना एवं पटना मेट्रो रेल परियोजना का शिलान्यास/लोकार्पण का कार्यक्रम 17 फरवरी, 2019 को अपराह्न 04:30 बजे बरौनी (बेगूसराय) में प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बुडको के निम्नांकित कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कर्मियों को उनके नाम के सामने अंकित कार्य/दायित्व सौंपा जाता हैः-

क्रम सं.	योजना का नाम	प्रतिनियुक्त पदाधिकारी का नाम	आवंटित कार्य
		::ननामि गंगे परियोजना::	
1.	करमलीचक नेटवर्क	श्री संदीप कुमार, कार्यपालक अभियंता, बुडको श्री अजय कुमार, सहायक अभियंता, बुडको एवं संबंधित कार्यालय कार्यपालक	कार्य स्थल पर उपस्थित रहकर शिलान्यास के लिए शिलापट को तैयार करवाना एवं कार्य स्थल का सौंदर्यीकरण करते हुए माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास के समय कार्यस्थल पर सफल आयोजन करना। इस कार्यक्रम के लिए मुख्य सड़क से कार्य स्थल तक गेट/तोरण द्वार/स्टैण्डी लगवाना।
2.	बाढ़ I&D	मो0 इम्तेयाज अहमद, कार्यपालक अभियंता, बुडको, श्री राजीव कुमार देव, सहायक अभियंता, बुडको एवं संबंधित कार्यालय कार्यपालक	तथैव
3.	सुल्तानगंज I&D	श्री राजेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, बुडको, श्री राहुल रौशन, सहायक अभियंता, बुडको एवं संबंधित कार्यालय कार्यपालक	तथैव
4.	नवगछिया I&D	श्री रैयान हैदर, कार्यपालक अभियंता, बुडको, मो0 जाहीद अहमद, सहायक अभियंता, बुडको एवं संबंधित कार्यालय कार्यपालक	तथैव
5.	RFD, Patna	श्री संदीप कुमार, कार्यपालक अभियंता, बुडको श्री शैलेन्द्र नारायण दूबे, सहायक अभियंता, बुडको एवं श्री जगत किशोर, सहायक परियोजना निदेशक, बुडको।	कार्य स्थल पर उपस्थित रहकर लोकार्पण/उद्घाटन के लिए शिलापट को तैयार करवाना एवं कार्य स्थल का सौंदर्यीकरण करते हुए माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास के समय कार्यस्थल पर सफल आयोजन करना। इस कार्यक्रम के लिए मुख्य सड़क से कार्य स्थल तक गेट/तोरण द्वार/स्टैण्डी लगवाना।

योजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम के वरीय प्रभार में श्री सूर्यकांत, प्रभारी अधीक्षण अभियंता, बुडको रहेंगे और वे इस कार्यक्रम की तैयारी ससमय सुनिश्चित करायेंगे।

श्री योगेन्द्र कुमार, कार्यपालक अभियंता, बुडको को नमामि गंगे की सभी योजनाओं का शिलापट/लोकार्पण/उद्घाटन के लिए मॉडल तैयार कराने का दायित्व भी सौंपा जाता है। श्री राकेश

कुमार, कार्यपालक अभियंता, बुडको उन सभी मॉडलों को कार्यक्रम स्थल बरौनी (बेगूसराय) ले जायेंगे एवं कार्यक्रम स्थल पर लगवाना सुनिश्चित करेंगे।

Overall coordination with IOC & others कार्य के लिए श्री जितेन्द्र कुमार शाही, कार्यपालक अभियंता, बुडको को प्राधिकृत किया जाता है। उनके सहयोग के लिए मो0 अयाज अहमद, प्रबंध निदेशक के कार्यपालक सहायक (परियोजना), श्री मनीष श्रीवास्तव, सहायक अभियंता एवं श्री राणाचन्द्र कमल, सहायक अभियंता को उनके साथ संबद्ध किया जाता है।

Overall coordination with Administration of issuance of VIP pass & vehicle pass के कार्य के लिए श्री चन्द्रभूषण कुमार, पी0आर0ओ0, श्री इश्तेयाक आलम, प्रोग्राम इंजीनियर, ए0डी0बी0 एवं श्री कुमार विवेक, प्रबंधक (सूचना तकनीकी), बुडको को प्राधिकृत किया जाता है।

आमंत्रण कार्ड, बैनर, पोस्टर, होडिंग एवं पत्रिका की प्रिंटिंग का दायित्व श्री योगेन्द्र कुमार, कार्यपालक अभियंता, बुडको एवं मो0 अयाज अहमद, प्रबंध निदेशक के सहायक अभियंता (परियोजना), बुडको को सौंपा जाता है।

मुख्यालय पटना में:-

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार, जिला प्रशासन, पटना एवं बेगूसराय, एन0एम0सी0जी0 एवं IOC इत्यादि से समन्वय स्थापित करने का दायित्व मो0 अयाज अहमद, प्रबंध निदेशक के सहायक अभियंता (परियोजना) एवं श्री संजय कुमार वर्मा, कार्यालय कार्यपालक, बुडको को सौंपा जाता है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता अपने अधीन कार्यपालक अभियंता के शिलान्यास/उदघाटन की तैयारी से सम्बद्ध कार्यो का पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करेंगे।

बुडको के दोनों मुख्य अभियंता सभी कार्यो के वरीयतम पदाधिकारी होंगे तथा इस कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करायेंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

इसे अत्यन्त महत्वपूर्ण समझा जाय।

ह0/-
प्रबंध निदेशक,
बुडको।

ज्ञापांक-.......692......./ दिनांक-....14.2.19

1. **प्रतिलिपि** : मुख्य सचिव, बिहार को सूचनार्थ समर्पित।
2. **प्रतिलिपि** : प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, को सूचनार्थ समर्पित।
3. **प्रतिलिपि** : जिला पदाधिकारी, पटना एवं जिला पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।
4. **प्रतिलिपि** : सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, बुडको को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
5. **प्रतिलिपि** : उपर्युक्त वर्णित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी, बुडको, ए0डी0बी0, एन.जी.आर.बी.ए., को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
6. **प्रतिलिपि** : सभी गैर तकनीकी पदाधिकारी एवं कर्मी, बुडको, ए0डी0बी0, एन.जी.आर.बी.ए., एस.के.पी., को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

   प्रबंधक (सूचना तकनीकी), बुडको को आदेश दिया जाता है कि इस आदेश को अविलंब सभी संबंधित पदाधिकारियों को ई-मेल के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें।
7. **प्रतिलिपि** : प्रबंध निदेशक कोषांग, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

13.2.19
प्रबंध निदेशक,
बुडको।